हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

जय नानेश !! श्री महावीराय नमः!! जय रामेश

शुद्ध आहार-शाकाहार

शुद्धता जो बनाए आपका और हमारा रिश्ता पवित्र



पार्श्व
अमन ज्वेलर्स

जैन मंदिर के पास, गांधी चौक-महासमुंद | मो.नं.94252-15906, 94242-40012

खबर संक्षेप

### सुकुलबाय में मातर महोत्सव पर होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**महासमुंद।** जय जोखाही माता मातर महोत्सव पर ग्राम सुकुलबाय में 60वां वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 13000, द्वितीय 10000, तृतीय 7000, चतुर्थ 5000 रुपए दिया जाएगा। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम 7000, द्वितीय 5000, तृतीय 3500 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2500 रुपए प्रदाय किया जाएगा। मातर महोत्सव के मौके पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक नृत्य सुवा और राउत नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित है। मातर महोत्सव के लिए आयोजन समिति एवम खिलाड़ी तैयारी में जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी खुमान सिंह ध्रुव ने दी है।

### दीपावली पर्व को लेकर देरी स्कूल के छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में दीपावली त्योहार के पहले समस्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाकर अपना अपना खुशी प्रकट किया। विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने सभी छात्रों और समस्त स्टॉफ को उत्साहपूर्वक त्योहार मनाने का निवेदन किया। व्याख्याता परस राम सिन्हा के मार्गदर्शन में कक्षा बारहवीं की पुष्पा जांगड़े, संजना निराला, लक्ष्मी बंजारे, तारिणी साहू, डिंकी चक्रधारी ने आकर्षक रंगोली बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक, लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

### दो दिवसीय एलटी, एएलटी, डीसी, डीटीसी और डीओसी का कार्यशाला आयोजन

# छग के स्काउटिंग को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनानी है: इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के द्वारा राज्य स्तरीय लीडर ट्रेनर, सहायक लीडर ट्रेनर, जिला सचिव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त और जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ इंद्रजीत सिंह खालसा राज्य मुख्य आयुक्त के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। राज्य मुख्य आयुक्त ने उद्बोधन में कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय का भवन शीघ्र ही बनेगा। जनवरी 2026 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन होना है। अतः छत्तीसगढ़ में स्काउटिंग की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर प्रबलता से स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा स्काउट गाइड के सफल संचालन के लिए आवश्यक संसाधन और सहयोग प्राप्त होगा ऐसा आश्वासन प्राप्त हुआ है। जितेंद्र कुमार साहू राज्य सचिव ने आए हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्होंने आशा व्यक्त की इन सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ में स्काउट गाइड गतिविधियों का सफल संचालन होगा।

इस कार्यशाला में प्रदेश के 30 जिलों से 17 लीडर ट्रेनर, 30 सहायक लीटर ट्रेनर, 19 जिला जिला सचिव 29 जिला प्रशिक्षण कमिश्नर और 43 जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड सम्मिलित हुए। कार्यशाला के संचालक मंडल में अशोक देशमुख पूर्व एसटीसी, टीकेएस परिहार, सीएल चंद्राकर,हसरत खान, रामपाल तिवारी, सीमा साहू, जर्मिना एक्का,




अनिता तिग्गा आदि सीनियर लीडरों के साथ राज्य मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस में सम्मिलित स्काउटर गाइडर से सुझाव आमंत्रित किया गया जिसमें जिलों में स्काउट गाइड को गति प्रदान करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जिलों में राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय और जिला स्तरीय वार्षिक कार्य योजना पर सुझाव प्राप्त हुए। राज्य स्तर पर यूथ फोरम, रोवर रेंजर समागम, स्थापना दिवस, कब बुलबुल उत्सव,मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप,बेसिक और एडवांस कोर्स, स्पेशल कोर्स, ट्रैकिंग, एडवेंचर कैंप, मिनी जंबूरी, पीपीटी निर्माण, स्काउटर गाइडर हाइक करने के लिए कार्य योजना पर सहमति बनी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा राज्य मुख्य आयुक्त ने इस कार्यशाला पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्काउट गाइड रोवर रेंजर का शत प्रतिशत पंजीयन करना है और इसके लिए प्रशिक्षण का कार्य तीव्र गति से पूरा करना है। छत्तीसगढ़ के स्काउट गाइड को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनानी है। आत्मनिर्भर भारत, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, रक्तदान, लोकल फॉर वोकल में स्काउट गाइड के द्वारा कार्यक्रम किया जाना है। राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू ने आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की दो दिवसीय इस कार्यशाला से स्काउटिंग गाइडिंग के गतिविधियों में न सिर्फ प्रगति होगी वरन छत्तीसगढ़ और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगी। कार्यशाला के सहायक संचालक अशोक देशमुख ने स्काउट गाइड की संख्या बढ़ाने के लिए मेंबरशिप ग्रोथ कार्यशाला का आयोजन करने सभी जिले से आए प्रतिनिधि से विशेष आग्रह किया। टी.के.एस. परिहार ने जॉब प्रोफाइल के माध्यम से लीडर ट्रेनर, सहायक लीडर ट्रेनर के दायित्व और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला सचिव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त और जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड को जिले में कार्य करने और उनके गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में जे.पी. रथ अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी ने भी अपने विचारों से लोगों को प्रेरित किया। उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीगेश्वर वर्मा, हसरत खान, सीएल चंद्राकर, संतोष साहू, हसरत खान, सीमा साहू, जर्मिना एक्का, अनिता तिग्गा, सहित राज्य के अधिकारी और पदाधिकारी के साथ महासमुंद जिला से संतोष कुमार साहू, गिरीश कुमार पाढ़ी, तुलसीराम डड़सेना, अनिता साहू, प्रमोद कुमार कानोजे, लीनू चंद्राकर, अवधेश कुमार विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह साहू ने किया और रामपाल तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।

# ईशर-गौरा विवाह उत्सव आज से

### शहर में 21 को निकलेगी शंभू ईशर राजा की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 3 अयोध्या नगर में ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 2025 में दीपावली पर्व पर शंभू ईशर गवरा विवाह उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम 19 अक्टूबर रविवार को फूल कुचरनी की परंपरा निभाई जाएगी।



इस परंपरा में ईशर गौरा चबूतरा में एक गड्ढा खोदकर पंच तत्वों से बना पदार्थ डालकर गड्ढे को पत्थर से एंक कर गीत के माध्यम से सात बार सादा चावल चढ़ाकर ज्योति पुंज ईशर राजा एवं गौरी रानी को अमावस्या की रात आने के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार के दिन प्रथम सत्र में ईशर गौरा सृजन के लिए महामाया तालाब से मिट्टी लायी जाएगी। ईशर गौरा सृजन कर द्वितीय सत्र में इसी तिथि को रात 9 बजे कलश यात्रा पश्चात ईशर राजा का बारात कमलेश ध्रुव (शोरी) के निज निवास से प्रस्थान कर मनराखन ध्रुव (नेताम) के घर पहुंचेगी। जहां रात 12ः बजे गवरा माता से विवाह होगा। पश्चात नगर भ्रमण अंतर्गत जगह-जगह प्रत्येक घर के श्रद्धालु पूजा अर्चना कर ईशर गौरा चौक में विराजित करेंगे। वहीं 22 अक्टूबर प्रातः 7 बजे तक सामूहिक पूजा होगी। फिर विसर्जन पूजन यात्रा निकलेगी, जो तुमाडबरी तालाब पहुंचेगी। यह जानकारी सचिव महेश कुमार ध्रुव ने दी है।

# बुजुर्गों की दिवाली अधूरी, झलप व लखनपुर में मार्च से अटकी वृद्धावस्था पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

दीपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे झलप और समीपवर्ती ग्राम पंचायत लखनपुर के बुजुर्गों के चेहरों पर मायूसी गहराती जा रही है। गांव के 70 से अधिक वृद्ध महिला-पुरुषों की वृद्धावस्था पेंशन पिछले मार्च 2025 से अब तक नहीं मिली है। लखनपुर पंचायत के लगभग 42 और झलप पंचायत के करीब 27 बुजुर्ग पेंशनधारी हर महीने इस राशि का इंतजार कर रहे हैं।

ग्राम लखनपुर की एक वृद्धा संतोषी ने बताया "हर महीने यही पेंशन से दवाई और राशन लाते हैं, अब त्योहार आ गया पर जेब खाली है।" वहीं झलप निवासी मालती नंद




ने कहा कि, अब इस उम्र में भी, पंचायत, बैंक के धक्के खाने की हिम्मत नहीं बची, घर बैठे पेंशन अब सपना हो गया।

#### अब काटने पड़ रहे बैंकों के चक्कर

बुजुर्गों वर्तमान में अपने पेंशन की प्रतीक्षा में सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। आज भी लखनपुर के बुजुर्ग पंचायत कार्यालय अपनी पेंशन के बारे में जानने पहुंचे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के अफसरों ने बताया कि "लिस्ट उच्च कार्यालय को भेजी जा चुकी है, भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होगी।" ग्रामीणों का कहना है कि हर बार यही आश्वासन मिलता है, लेकिन, राशि कब खाते में आएगी इसकी कोई निश्चित जानकारी नहीं है।

#### बुजुर्गों की दिवाली नहीं होगी फीकी

ग्राम पंचायत लखनपुर के उप सरपंच कमल कौशिक ने कहा कि अगर दीपावली में शासन से पेंशन नहीं मिली तो ग्रामीण स्तर पर सभी के सहयोग से इनकी दीपावली मनाने का इंतजाम जरूर करेंगे बहरहाल देखना यह है कि इनकी दिवाली कैसी मनेगी। शासन समय पर पैसा देगी या फिर ग्रामीण सहयोग से।

# 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों में मूलभूत कार्य हो रहे प्रभावितः सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2 के सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने पंचायत को शीघ्र 15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा कि राशि नहीं मिलने के कारण गाँवों में मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत महासमुंद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। जबकि, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष की प्रथम किशत जून-जुलाई माह तक पंचायतों को हस्तांतरित की जानी चाहिए थी। परंतु, वर्तमान वर्ष में अब तक न तो पहली किशत जारी हुई है, न ही किसी पंचायत को राशि प्राप्त हुई है। इससे पंचायतों में साफ-सफाई, जलापूर्ति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हुए हैं, और नए सरपंचों एवं पंचों की नियुक्ति के बाद पंचायतें अभी अपनी कार्यप्रणाली स्थापित कर रही हैं, किंतु बिना वित्तीय संसाधन के वे



अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न हिंदू सामाजिक एवं सांस्कृतिक त्योहार मनाए जा रहे हैं। जिनमें पंचायत स्तर पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की देखरेख पंचायत की जिम्मेदारी रहती है। किन्तु, वित्तीय संसाधन न मिलने के कारण ये व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को मिलने वाला मानदेय (सरपंच, पंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य) भी पिछले 6 माह में केवल 2 माह का ही भुगतान किया गया है। जिससे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। जिला पंचायत महासमुंद की मासिक बैठकें भी पिछले 6 माह में केवल एक बार आयोजित की गई हैं, जिससे योजनाओं की समीक्षा एवं अनुमोदन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नए मनरेगा कार्यों की स्वीकृति भी अब तक प्राप्त नहीं हुई है, और पूर्व स्वीकृत कार्यों के भुगतान (मटेरियल पेमेंट) भी लंबित हैं, जिससे ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति अत्यंत संकटपूर्ण हो गई है।

सृष्टि ने शासन को जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से प्रेषित पत्र में मांग की है कि जिला पंचायत महासमुंद अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों को वर्ष 2025-26 की 15वें वित्त आयोग की पहली किशत शीघ्र जारी की जाए। पंचायत प्रतिनिधियों को लंबित मानदेय का पूर्ण भुगतान किया जाए। जिला पंचायत की नियमित मासिक बैठकें पुनः सुनिश्चित की जाए। मनरेगा के लंबित भुगतान एवं नए कार्यों की स्वीकृति तत्काल की जाए। यदि आवश्यक हो तो जिला प्रशासन द्वारा राज्य एवं मंत्रालय स्तर पर भी इस संबंध में पत्राचार कर शीघ्र समाधान के लिए पहल की जाए।

# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के फॉर्म सौंपे : अंकित




**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया गया। और आज हजारों की संख्या में भरे हुए फार्म प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपा। अंकित ने इस हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए समस्त कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।

### लॉन टेनिस में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस खेल में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केशव साहू, गौतम साहू, नूर सागर पटेल, अमन साहू, आशीष देवांगन, मुस्कान निषाद, उमेश्वरी विश्वकर्मा, रिया साहू ने गोल्ड मेडल हासिल कर जिला महासमुंद को सम्मान दिलाया।

# तुमगांव नपं अध्यक्ष ने घर-घर बांटी मिठाई

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू ने नगर के घरों में पहुंचे और दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई के रूप में छत्तीसगढ़िया पारंपरिक मिष्ठान लाई बताशा सहित पूजा समान भेंट की। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से शांति पूर्ण दिवाली मनाने का आग्रह किया।



# गांवों में बालिकाएं सुआ नृत्य की दे रहीं मनमोहक प्रस्तुति

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापित होने के बाद सुआ नृत्य पर्व के साथ राज्य की पहचान बन गई है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ नृत्य गांवों में दीपावली के लगते ही शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में इन दिनों सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। पर्व विशेष को लेकर छोटी छोटी बालिकाएं छत्तीसगढ़ी परिधान में आकर्षक सज धजकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही है। अनेक टोली सुबह से शाम तक प्रस्तुति दे रही है। इन दिनों सुआ



नृत्य करने वाली की टोली खूब देखी जा रही है। बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ से जुड़े पारंपरिक गीतों को लेकर मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। इसे देखने के लिए बच्चों की भीड़ इकट्ठा हो रही है। सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रही है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य की जा रही हैं। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। गौरा चौरा में फूल कूटने से पहले बालिका और महिलाओं द्वारा गौरा चौरा में नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं गांव के कुल देवी-देवता के मंदिर व धार्मिक स्थल में सुआ नृत्य प्रस्तुत कर रही है। घर के आंगन में नृत्य प्रस्तुति देकर पर्व की खुशी जाहिर कर रही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**महासमुंद।** सांस्कृतिक मंत्रालय एवं राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (रायपुर तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर में किया गया। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय था "क्वांटम युग का आगाज़ः संभावनाएं एवं चुनौतियां"। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी रहे। राज्य के नौ जोनों से चयनित 18 विजेता बाल वैज्ञानिक, उनके मार्गदर्शक शिक्षक एवं जोन प्रभारी इस संगोष्ठी में सम्मिलित हुए। रायपुर जोन के अंतर्गत महासमुंद जिले के शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की कक्षा दसवीं की छात्रा गरिमा सोनी ने जोन स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था और राज्य स्तरीय संगोष्ठी में अपने प्रस्तुति के साथ उत्कृष्ट सहभागिता दर्ज कराई। उन्हें विशेष प्रोत्साहन स्वरूप 1000 रुपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति, प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। उनके मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश को भी उनके मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर जिले की इस गौरवपूर्ण सहभागिता पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, डीएमसी रेखराज शर्मा, संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, प्राचार्य सेजेस हेमेंद्र आचार्य, वरिष्ठ व्याख्याता तोषण गिरी गोस्वामी, विमल कुमार मन्नाडे, डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर, जिला विज्ञान परिषद जगदीश सिन्हा, संजय मांझी आदि ने हर्ष जताया है।



तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 दीपावली प्रेम, एकता और नई ऊर्जा का पर्व : विधायक

14 रेमड़ा हाईस्कूल की छात्राओं को बांटी गई ...





## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 353 सिद्धि राइस मिल के पास का है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यशवंत कुमार सतनामी निवासी वार्ड नं 10 ग्राम केशवा ने बताया कि 17 अक्टूबर को वह अपनी बड़ी मां के लड़के संतोष कुमार सतनामी के साथ अपने मोटर सायकल से गुल्लू गुखेरा अपनी भांजी को देखने के लिये गये थे। वापस आने के दौरान शाम करीब 4.30 बजे के आसपास एनएच 353 रोड सिद्धि राइस मिल के सामने महासमुंद से नदी मोड की ओर जा रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीसी 9458 के चालक द्वारा अपनी स्कूटी को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक व खतरनाक ढंग से चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए का जेवर चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली के एक ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए के जेवर चोरी के मामले में अज्ञात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड क्रमांक 12 निवासी व जय अंबे ज्वेलर्स के संचालक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया 17 अक्टूबर को लगभग 11 बजे वह अपने ज्वेलरी दुकान में स्टाफ विद्या, प्रहलाद तथा पुत्र यश अग्रवाल के साथ बैठा था। लगभग 11:45 बजे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखने से पता चला कि एक अज्ञात व्यक्ति जो आसमानी कलर का फुल टी शर्ट पहने हुए था, ने ट्रे में रखे सोने की एक जोड़ी लटकन वजन लगभग 6 ग्राम से अधिक कीमत 60000 रुपए को देखने के बहाने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ढोलक में छिपाकर गांजा की तस्करी

**महासमुंद।** मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहे शख्स के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पीले रंग का ढोलक लेकर मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहा है। पुलिस की पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सुनील पांडे पिता सराबदेव उर्फ सर्वदेव पांडे (46 साल) हाउस नं0 186 शहीद वीर नारायण सिंह नगर एचएससीएल कॉलोनी वार्ड नं 28 सेक्टर नंबर 11 थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग बताया। साथ ही ढोलक के अंदर क्या है पूछने पर वह गोलमोल जबाव देने लगा। कड़ाई से पूछने पर ढोलक के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया और उक्त गांजा को सोनपुर ओडिशा से खुर्सीपार दुर्ग ले जाना बताया। मामले में आरोपी के कब्जे से ढोलक के अंदर सफेद रंग के पॉलीथिन के अंदर रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा 3 किलोग्राम कीमत 45000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20(ख)(ii)(ए) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

# चीतल का शिकार, शिकारियों के घर मिला कटा सिर, चार गिरफ्तार

## बागबाहरा के दारगांव में पुलिस और वन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चीतल का शिकार करने वाले शिकारी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। शिकार के बाद मांस को बेचने के लिए अन्यत्र ठिकाने तो लगाया लेकिन, कटा हुआ सिर मिलने से शिकारियों की योजना धरी रह गई। पुलिस और वन विभाग द्वारा पकड़े गए शिकारियों से मांस और उनके खरीददारों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दारगांव में चीतल के शिकार की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित छापेमारी कर चार संदिग्ध शिकारियों को हिरासत में लिया है, जिनके घर से चीतल का कटा हुआ सिर भी बरामद हुआ है।

### चीतल का कटा सिर बरामद

वन विभाग को मुखबिरों के माध्यम से ग्राम दारगांव में चीतल के अवैध शिकार और उसके मांस को बेचने की तैयारी की सूचना मिली। अमले को चीतल का कटा हुआ सिर तो मिला लेकिन, मांस के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



### मांस काटकर बेचने की थी योजना

प्रारंभिक पूछताछ और मौके से मिले साक्ष्यों से यह बात सामने आई है कि शिकारियों ने चीतल की हत्या की और उसके मांस को काटकर आस-पास के क्षेत्रों में बेचने की योजना बना रहे थे। वन्यप्राणियों का अवैध शिकार कर उनके मांस और खाल की तस्करी करना एक गंभीर अपराध है, जो वन्यजीवों की संख्या और पर्यावरण संतुलन के लिए बड़ा खतरा है। वन अधिकारियों का कहना है कि यह एक जघन्य अपराध है और इस पर किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी।

वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दारगांव के चार संदिग्ध आरोपी जोकड़ ठाकुर, मिलन ठाकुर, शक्ति ठाकुर, और शोभित ठाकुर को हिरासत में ले लिया है।


पुलिस और वन अधिकारी इन चारों संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रहे हैं ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके और शिकार की पूरी कड़ी का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वन विभाग ने चारों संदिग्धों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके अलावा, मामले में अधिनियम की अन्य संबंधित धाराओं जैसे कि अवैध रूप से वन्यप्राणी के अंग रखने और उनका व्यापार करने के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।

## अनदेखी : भारी वाहनों के चलते हादसे की आशंका बढ़ी, कार्रवाई शून्य

# नगर में भारी वाहनों का प्रवेश, त्यौहारी सीजन में बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण नगर पहले से ही यातायात के भारी दबाव का सामना करता है, वहीं अब त्यौहारी सीजन के चलते शहर के मुख्य मार्ग में भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही से यातायात की स्थिति विकट हो गई है। शहर के भीतर भारी और मध्यम वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश ने न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है, बल्कि आम नागरिकों और त्यौहार की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रही भीड़ के लिए बड़े सड़क हादसे का गंभीर खतरा बना हुआ है।



त्यौहारों के मौसम में आमतौर पर स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाती है, ताकि बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके बावजूद इन नियमों का उल्लंघन हो रहा है। मालवाहक ट्रक, ट्रेलर और ओवरलोडेड गाड़ियां बेरोकटोक शहर के मध्य से गुजर रही हैं, जिससे आम जनता में दहशत का माहौल है। शहर के मुख्य मार्ग पर जरा-सी लापरवाही बड़े जाम का कारण बन रही है। लोगों का कहना है कि यह लापरवाही स्पष्ट रूप से किसी भी समय एक बड़े और दुखद हादसे को जन्म दे सकती है। बीते समय में भी नेशनल हाईवे और शहर के आसपास भारी वाहनों से जुड़ी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान गई है।

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, आम नागरिक परेशान

शहर के मुख्य चौराहे, जैसे कचहरी चौक, बरोंडा चौक और बस स्टैंड के आसपास का इलाका, जो त्यौहारी खरीददारी का केंद्र है, वहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। एक तरफ जहां लोग उत्साह के साथ अपने परिवार के लिए खरीदारी करने निकलते हैं, वहीं दूसरी ओर विशालकाय ट्रकों का शहर में घूमना उनकी गति को बाधित करता है और पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती। सड़क पर अचानक ब्रेक लगाने या धीमी गति से चलने के कारण पीछे से आ रहे छोटे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

### हादसे की आशंका का बढ़ता साया

त्यौहारी सीजन में शहर की सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही भी बढ़ जाती है, जैसा कि हाल के दिनों में मवेशी से टकराने से हुए हादसे सामने आए हैं। ऐसे में, यदि अनियंत्रित रफ्तार से भारी वाहन शहर से गुजरते हैं, तो उनकी चपेट में आने से किसी भी पैदल यात्री, खासकर बच्चों और बुजुर्गों या दोपहिया वाहन चालकों का सुरक्षित बच पाना असंभव हो जाता है। भारी वाहनों की तेज गति, ब्रेक लगाने में अधिक समय लगना और ड्राइवर की थकान ये सभी कारक मिलकर एक डेंजर जोन का निर्माण कर रहे हैं।



## खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई

**महासमुंद।** उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा पारित अंतरिम आदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के निर्देशों के परिपालन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कठोर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा आज ग्राम केडियाडीह तहसील महासमुंद स्थित महानदी तट पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध उत्खनन के उद्देश्य से निर्माणाधीन रैंप पाया गया, जिसे तत्काल खनिज अमले द्वारा ध्वस्त किया गया। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत 2 से 5 वर्ष का दंडनीय अपराध है। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर परिवाद दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दो से पाँच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने आगे बताया कि जिले के सभी खनिज पट्टेदारों एवं परिवहनकर्ताओं को पूर्व में भी यह निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास के खनिज उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खनिज विभाग की टीम द्वारा निरंतर जांच और कार्रवाई की जाएगी ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।



**महासमुंद।** झालखम्हरिया की माही तिबुड़े ने धनतेरस पर बनाई आकर्षक रंगोली।

### श्याम स्कूल में हुई विविध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमा विद्यालय में दीपावली पर्व को लेकर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया। जिसमें रंगोली, दीया सजाओ, थाल सजाओ, मेहंदी क्राफ्ट स्पर्धा हुई। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा छग की सांस्कृतिक पहचान के रूप मनमोहक सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में अग्रिम अग्रवाल, गीतांजली यादव एवं अमित लामा, ऐश्वर्या साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम समापन के पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव, तारा चंद्राकर द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रंगोली में प्रथम कक्षा 12वीं से लिमेश, मीनाक्षी निषाद, थाल सजावट में 6वीं से महेश्वरी, डिंपल, तन्नू, मेहंदी में प्रथम जिज्ञासा, दिया सजावट में सिया ठाकुर, वेदिका साहू, पुष्कर, हर्षिता, क्राफ्ट में यश, तृप्ति, परिधि शामिल है। इस अवसर पर प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मीना राजपूत, शिक्षकगण कीर्ति यादव, ऐश्वर्या साहू, योगिता चौहान, मनीषा शर्मा, वंदना सेन, रविना पटेल आदि मौजूद रहे।

## नगर में सुबह से ही शुरू हो गई थी चहल पहल, झाड़ू सहित अन्य सामानों की हुई खूब बिक्री

# धनतेरस पर रौनक, ज्वेलरी-कपड़ा दुकानों में खरीदी करने उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूरे देश के साथ-साथ जिले में भी धनतेरस का त्योहार अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पारंपरिक मान्यता और शुभ मुहूर्त में खरीदी के महत्व के चलते, इस वर्ष धनतेरस पर नगर में खरीदी करने वालों का ऐसा जन सैलाब उमड़ा कि सुबह से देर रात तक शहर गुलजार रहा। यह दिन सिर्फ धातु और बर्तनों की खरीदी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कपड़ों, विशेषकर साड़ी और गहनों के दुकानों पर भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिली।

धनतेरस के शुभ अवसर पर नगर के मुख्य बाज़ार, गली-मोहल्लों की दुकानें और व्यावसायिक केंद्र सुबह से ही ग्राहकों से खचाखच भरे रहे। लोगों ने शुभ-लाभ की कामना से अपने सामर्थ्य अनुसार खरीदारी की। शहर के प्रमुख मार्गों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही, जो इस बात का प्रमाण थी कि लोगों में त्योहार को लेकर कितना उत्साह है। दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की भीड़ से बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही थी। इस वर्ष, ग्राहकों का रुझान हल्के वजन वाली आकर्षक साड़ियों की ओर अधिक रहा। वही गहनों की दुकान में ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए वज़न के साथ-साथ विशेष डिज़ाइन वाले पारंपरिक और आधुनिक आभूषणों का विस्तृत संग्रह तैयार किया है।






धनतेरस के शुभ अवसर पर झाड़ू की बिक्री में भारी उछाल आया। इसे मां लक्ष्मी का प्रतीक मानकर, लोगों ने सुख-समृद्धि के लिए बड़ी संख्या में खरीदा। बाज़ार में फूल और सींक वाली झाड़ू की खूब मांग रही।



### महिलाओं की पहली पसंद, परिधान और साड़ी

धनतेरस की खरीदी में इस बार महिलाओं की भागीदारी और उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर की साड़ी और कपड़ा दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। शहर के प्रमुख कपड़ा व्यापारिक केंद्रों पर सुबह खुलने के साथ ही महिलाओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। दुकानों के अंदर, महिलाएं अपनी पसंद की साड़ी, लहंगे, सूट और अन्य पारंपरिक वस्त्रों को चुनने में व्यस्त रहें। रंग-बिरंगी साड़ियों की मांग चरम पर रहें। खासकर बनारसी, कांजीवरम, चंदेरी, और आधुनिक प्रिंटेड तथा डिज़ाइनर साड़ियों की बिक्री हुई है।

### गहनों की दुकानों में उमड़ी भीड़

शहर के सर्राफा बाज़ार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर गहनों की खरीदारी के लिए लोग सुबह से ही ज्वेलरी की दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। सोने-चांदी की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, शुभ मुहूर्त पर खरीदारी की परंपरा निभाने के लिए ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए वज़न के साथ-साथ विशेष डिज़ाइन वाले पारंपरिक और आधुनिक आभूषणों का विस्तृत संग्रह तैयार किया है।




## खबर संक्षेप

### विधायक निवास में हुआ दीपावली मिलन समारोह

**महासमुंद।** स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास में दीपावली मिलन समारोह हुआ। जिसमें क्षेत्र के लगभग 90 से 100 ग्रामीण एवं निजी चिकित्सक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा ने कहा कि उनके द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सेवाएं तारीफ ए काबिल हैं। इस अवसर पर ग्रामीण एवं निजी चिकित्सा कल्याण संघ जिला महासमुंद के अध्यक्ष राजेंद्र सेन सहित उपस्थित सभी चिकित्सकों ने विधायक के स्नेह एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।



### सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शिवानी को मिला स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** पिथौरा की होनहार बालिका शिवानी नायडू को डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 17 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शहीद स्मारक को सजाया गया



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक को दीपावली पर्व पर सजाया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश के वीर अमर शहीदों की शहादत को नमन करने के लिए लोगों से अनुरोध किया गया है कि शहीद स्मारक खरोरा में शहीदों के नाम से एक दीया अवश्य जलाएं। शहीद स्मारक में शाम 6 बजे दीप जलाकर अमर वीर शहीदों को याद किया जाएगा।

**आयोजन : विधायक कार्यालय में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन**

# दीपावली प्रेम, एकता और नई ऊर्जा का पर्व : विधायक चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली स्थित विधायक कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रकाश और आनंद के इस पर्व पर सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विधायक चातुरी नंद ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "दीपावली प्रेम, एकता और नई ऊर्जा का पर्व है। इस अवसर पर हमें समाज में सद्भाव, सहयोग और खुशहाली फैलाने का संकल्प लेना चाहिए।" विधायक ने आगे कहा कि दीपावली का असली अर्थ केवल दीप जलाना नहीं, बल्कि हृदय में प्रेम और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाना है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे परिवार का सदस्य है और परिवार के बीच दीपावली मानना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, तेजराम पटेल, जनपद सदस्य घसिया सिदार, विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल, डॉ बिरांची बेताल, रामदयाल पटेल मंचासीन रहे।



कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुमित्रा भोई, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सीता पटेल, रतन बंजारे, केशव चौधरी, नईम लखानी, इजराइल, परमानंद नायक, गोपाल अग्रवाल, विजय यादव, सुरेश भोई, तन्मय पंडा, दीपक साहू, भगत राम पटेल, रूपानंद पटेल, नीलांबर सोनी, विजय शंकर, सुरेश पटेल, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, दयाराम चौहान, चित्रसेन नायक, हेतराम पटेल, नीलांबर सोनी, श्रवण पटेल, विक्की वैष्णव, संजय पंडा, भीष्मदेव पटेल, दीपांजलि बारीक, हेमा वास, सरिता प्रधान, जयकुमारी, पुष्पा, सुनीता, अनीता भोई, अनीता बंसोड़, सुनील नायक, रूपेश वैष्णव, राम मानिकपुरी, दुर्योधन चौहान, यूंका विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, निर्मल बढ़ई, अनिल पटेल, केशव अग्रवाल, नरेंद्र साहू, दूधनाथ साहू, अनिल पटेल, शरद यादव, अमर प्रताप सिंह सिदार, बिहारी पटेल, शिवप्रसाद बारीक, दिलकिशोर प्रधान, सूर्यकांत, प्रभात पटेल, गोलू पटेल, वृंदावन पटेल, सुशील प्रधान, कमल पटेल, लवकुमार पटेल, पार्षद रमीज रजा, विनोद दीवान, उपेंद्र पटेल, अजय यादव, चमरा दीप, त्रिलोचन चौहान, संतोष भोई, कांग्रेस रत्नाकर, चंदू चौरसिया, संजय प्रधान, मंटू बारीक, मयंक यादव, जावेद खान, विवेक अग्रवाल, घनश्याम साहू, चतुर्भुज डड़सेना, बुढ़ान सिंह सिदार, हीरालाल प्रधान, सफेद सिंह सिदार, निर्मल मौजूद रहे।

## निरीक्षण के दौरान स्कूल में बालकों की रही कम उपस्थिति



**महासमुंद।** जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला श्रीराम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बालकों की औसत उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को पालक संपर्क बढ़ाने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को आयोजित "बैगलेस डे" के तहत बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कबाड़ से जुगाड़ कर आकर्षक चित्रकारी, दीपोत्सव के लिए दीप डिज़ाइन एवं आकाशदीप तैयार किए, जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी ने सराहा। उन्होंने बच्चों से दीवाली पर्व के महत्व से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से उत्तर दिया। डीईओ लहरे ने बच्चों को "दीवाली पर निबंध" लिखने का कार्य सौंपा, ताकि पर्व की सांस्कृतिक और शैक्षिक समझ को और मजबूत किया जा सके। आईसीटी लैब के निरीक्षण के दौरान बच्चों ने कंप्यूटर के विभिन्न अंगों की जानकारी दी। डीईओ लहरे ने विद्यालय को निर्देशित किया कि आईसीटी केंद्र का उपयोग प्रतिदिन किया जाए। ताकि डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन मिले। निरीक्षण के अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम तथा शिक्षकगण नीलू चंद्राकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी, किशोर देवांगन, डिगेश पुरैना, शांति पुरैना, हेमंन चक्रधारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## अरंड में मनाई गई सेनानी बुढ़ान शाह की पुण्यतिथि



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में 17 अक्टूबर को आदिवासी गोंड समाज राज कौड़िया राज द्वारा स्वतत्रता संग्राम सेनानी स्व. बुढान शाह ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विशेष अतिथि कमलेश ध्रुव केंद्रीय अध्यक्ष, योग्यशाय ठाकुर, देवराज सिंह ठाकुर, रवि शंकर ठाकुर, ओंकार सिंह ठाकुर, मनराखन ध्रुव जिला अध्यक्ष, पलटू राम, तुलाराम ध्रुव, अनूप पोडेटी, सिरामन ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, गंगाधर निर्मलकर, कृष्ण कुमार ध्रुव, प्रमिला ठाकुर, भागीराम ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, ग्राम अरंड के सरपंच डिगंबर पटेल, घासीराम ध्रुव, गणेशाराम ध्रुव, देवकुवर बाई ध्रुव, गीताबाई ध्रुव, उर्मिला बाई ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, दुलारी बाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## क्रीडा स्पर्धा में वृंदावन विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट सांस्कृतिक व खेल प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग महासमुंद द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 06 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह पर वृंदावन विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन के साथ शाला की ओर से प्रमुख सहभागिता रही। जिसके लिए जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग ने छात्रों को ससम्मान स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया तथा एकल खेल 100 मीटर रेस में कक्षा दसवीं की छात्रा योगिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरान्वित किया। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, अतिथिगण येतराम साहू, चंद्रहास चंद्राकर, महेंद्र सिंह सिक्का, महेंद्र जैन उपस्थित रहे।

## रेमड़ा हाईस्कूल की छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शासन के महत्वकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण धनतेरस पर्व पर शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में जिला सदस्या जगमोहन भोई के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सायकल वितरण समाज की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की।

इस मौके पर जगमोति जगमोहन भोई ने अपने संबोधन में कहा कि यह सायकल केवल साधन नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छात्रों से लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष हलधर भोई ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और सहयोग ही समाज को आगे बढ़ाने के दो प्रमुख स्तंभ हैं। हमें अपने बेटियों के सपनों को साकार करने में सहयोग देना चाहिए। यही सच्ची सेवा है। हमारे प्रदेश सरकार की यह योजना बालिकाओं को सशक्त बनाती हैं। सरपंच ने बच्चों से संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि भाजपा शासन के संरक्षण में शिक्षा जगत में प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण हो रहा है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना व आत्मविशास देते हैं। बच्चों में आत्मविकास व आत्मनिर्भरता आती है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलाल मालिक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गोपीनाथ साहू, रेमड़ा ग्राम के सरपंच चांदनी सोहन पटेल व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष झाडूराम परमार, भाजपा कार्यकर्ता लखन परमार, पंचायत सचिव निराकार पटेल, भोजराम पटेल, ग्राम पंचायत रेमड़ा के उपसरपंच गोवर्धन यादव, नंदकुमार डड़सेना, पंचगण, पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हेमसागर बगर्ती और हेमसिंग सिदार ने किया।

## समर्थ और संगठित भारत के निर्माण में सहयोग करें: हिरवानी

**महासमुंद।** राष्ट्र की उन्नति तब होती है जब समाज का हर अंग सशक्त हो। संघ समाज के प्रति समर्पण की जीती-जागती मिसाल हैं। संघ बिना किसी प्रचार के, समाज में समरसता और सेवा का कार्य करता है। मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि इस शताब्दी वर्ष को केवल उत्सव नहीं, बल्कि 'राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के संकल्प वर्ष' के रूप में मनाएं। हम सब मिलकर समर्थ और संगठित भारत के निर्माण में अपना कदम बढ़ाएं।₹ उक्त विचार है सिरपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि सुखीराम हिरवानी के। मुख्य वक्ता संघ के जिला प्रचारक आदित्य साहू ने कहा कि विजयदशमी को संघ की स्थापना के 100 साल पूरे हो चुके हैं, आज से 100 वर्ष पूर्व 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। उन्होंने देखा कि भारत के पास न तो संसाधनों की कमी है और न ही शक्ति का, फिर भी भारत गुलाम है। उन्होंने पाया कि लोगों में देशभक्ति की भावना और संगठन शक्ति का अभाव है। वे भारत को परम वैभव के शिखर में पहुंचाकर विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना चाहते थे। वे खोई हुई हिन्दू संस्कृति और हिंदू संस्कार को वापस लाना चाहते थे। संघ स्थापना के पीछे यही मूल उद्देश्य था। मुख्य वक्ता ने कहा त्रेता युग में मंत्र शक्ति, सतयुग में ज्ञान शक्ति तथा द्वापर में युद्ध शक्ति प्रमुख बल था, किन्तु कलियुग में संगठन की शक्ति ही प्रधान है। जिला प्रचारक ने समाज में परिवर्तन लाने के लिए पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य के पंच परिवर्तन को आवश्यक बताया।

## शेखर संभागीय बास्केट बाल टीम में सम्मिलित

**महासमुंद।** स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र के कक्षा 11वी के छात्र शेखर अजगर रायपुर जोन की बास्केटबाल टीम में चयनित हुए है। वे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 27 अक्टूबर 2025 को अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। छात्र के चयन पर शाला समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी, प्रबंधक मनोहर महांती सदस्य मनोहर पींचा, शाला प्राचार्य अवनीश वानी, शाला के शिक्षकगण अमिताभ शर्मा, डीपी साहू, विजय सोनी, शाला की वरिष्ठ शिक्षिका चंद्रकांता ठाकुर, सुनीता वानी आदि ने हर्ष जताया है।



# भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अन्य देश भारत की ओर आश्रित नजरों से देखें हमें समझ लेना चाहिए कि भारत आत्मनिर्भर की ओर है। पिछले 15 सालों में राष्ट्र के नागरिकों ने अपनी आंखों से देखा है और यह महसूस किया है कि भारत अब अन्य देशों की मदद कर सकता है। यह बात मुख्य वक्ता के रूप में महासमुंद विधानसभा आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला में सांसद और आत्मनिर्भर भारत के प्रदेश संयोजक रूपकुमारी चौधरी अपने वक्तव्य में कहीं।

जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत पर महासमुंद विधानसभा के कार्यशाला आयोजित थी। जिसमें महासमुंद के सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य वक्ता रहीं। साथ ही महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिंह, छत्तीसगढ़ बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला भाजपा के अध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला भाजपा के महामंत्री प्रदीप चंद्राकर उपस्थित रहे। जिला भाजपा के अध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि भारत आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है और इसके लिए हम सभी को स्वदेशी अपनाना चाहिए। हमारे ही देश में बने



हुए चीजों का देश के लोगों के द्वारा उपयोग किया जाएगा तो देश का पैसा देश में रहेगा और भारत के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और जब अंतिम पंक्ति में खड़ा हुआ व्यक्ति सभी सुख सुविधाओं को प्राप्त करेगा, तब आत्मनिर्भर भारत की कल्पना जो हमारे वरिष्ठ नेताओं ने देखी है उसकी सार्थकता सिद्ध होगी। छत्तीसगढ़ बीज निगम आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त चंद्रहास चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि के क्षेत्र में भी कार्य कर स्वावलंबी बने के अवसर हमें प्राप्त हो रहे हैं। कृषि कार्य में उपयोग में आने वाली अनेक चीजों एवं वाहन पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी मात्रा में सब्सिडी देखकर किसानों को भी आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कोरोना काल में किए गए भारत के कार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोना में भारत ने अपने देश के लोगों को वैक्सीन लगाकर बचाने का काम तो किया। साथ ही हमारे अन्य देशों को भी मुफ्त में वैक्सीन प्रदान कर वहां के लोगों की जान भी बचाने का काम किया। ऑपरेशन सिंदूर का भी उन्होंने जिक्र किया और उन्होंने बताया कि किस तरह हमारे देश के महिला फाइटरों ने अपने जान की बाजी लगाकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है। मुख्य वक्ता सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि अब देश जो है छोटी-छोटी चीजों से लेकर बड़े से बड़े चीजों को भी अपने ही देश में बनाने का काम प्रारंभ किया है। एप्पल मोबाइल की बात भी करें तो एप्पल मोबाइल के बहुत सारे पाट्र्स जो है हमारे देश के इंजीनियरों की बड़ी भूमिका रही है। अब देश के वैज्ञानिकों ने तेजस जैसे फाइटर विमान भी बनाने का काम प्रारंभ कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले चीजों पर 50 प्रतिशत की टैरिफ लगाया, तब भी भारत घबराए नहीं और बहादुरी के साथ इसका सामना किया। उन्होंने कांग्रेस को आडे हाथों लेते हुए कहा कि जब-जब देश में कांग्रेस की सरकार रही है, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की ओर कोई प्रयास नहीं किया। भारत अन्य देशों की मदद की उम्मीद करता था। कांग्रेस की सरकार के जाने के बाद जब जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, हमेशा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने ईमानदारी पूर्वक एवं निष्ठा से काम कर देश को आत्मनिर्भर की ओर ले जाने का प्रयास किया और 2047 तक भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा। पश्चात छत्तीसगढ़ बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर उपस्थित सभी जनों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जैन एवं आभार प्रदर्शन आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक प्रकाश शर्मा ने किया।

